Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 10-05-2022 | अंक 221

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com







## जिला परिषद पूर्वी भाग 06 के प्रत्याशी मुनेजा खातून के द्वारा उनके कार्यकाल में धरातल पर उतारे गए विकास कार्य एवं अनुशंसित विकास योजनाओं की सूचि एवं भावी कार्ययोजना की संकल्प पत्रः-




**जिला परिषद सदस्य मुनेजा खातून के कार्यकाल में जिला परिषद फण्ड से एवम जीप सदस्य के द्वारा अनुसंशित विकास कार्यो की सूचिः**

1 बरही पूर्वी भाग के डपोक, मलकोको, रानीचुवाँ, करियातपुर, धनवार, बरसोत एवं विजैया में पंचायत भवन का निर्माण
2. बरही पूर्वी भाग में जिला परिषद के फण्ड से प्रत्येक ग्राम मे आंगनवाड़ी भवन का निर्माण
3. करीयातपूर से धनवार तक कालीकरण रोड का निर्माण
4. मलकोको गांव में कालीकरण सड़क निर्माण
5. बरियठ्ठा गांव में कालीकरण सडक निर्माण एवं ओरपरता से डपोक तक कालीकरण रोड का निर्माण
6. चलंगा रोड का मरम्मतीकरण
7. हरिजन स्कूल से तिलैया डैम तक सड़क मरम्मती करण
8. विजैया मे पावर सब स्टेशन का निर्माण
9. विजैया में पीसीसी रोड का निर्माण
10. गुडियों उपस्वास्थ्य केंद्र भवन की रिपेयरिंग
11. करियतापूर +2 हाईस्कूल एवं विजैया +2 हाईस्कूल का उत्क्रमण
12. करीयतापूर में नाली निर्माण
13. मोरमगढा से रानीचुवां तक कालीकरण सडक निर्माण
14. बरसोत से जीतुपर तक कालीकरण सडक निर्माण

**जीप सदस्या मुनेजा खातून के अनुशंसा से स्वीकृत हुए योजनाओं की सूचि**

1. करियातपुर में मल्टीपरपस भवन, मैरिज हॉल का निर्माण की स्वीकृति
2. हरिजन स्कूल से तिलैया डैम तक सडक चौडीकरण कार्य की स्वीकृति
3. विजैया से ओरपरता तक सडक निर्माण की स्वीकृति
4. बेहरवाटांड से गरजामू के बीच पुलिया निर्माण की स्वीकृति
5. पिपराटांड से डपोक तक सडक निर्माण की स्वीकृति

**भावी कार्ययोजना ( संकल्प पत्र)**

1. विजैया को प्रखंड के दर्जा दिलाना,
2. विजैया में सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस ओपी की स्थापना कराना
3. नल जल योजना से सभी पंचायत को जोड़ना और जल मीनार का निर्माण कर पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था कराना।
4. सोलर संचालित योजना को मूर्त रूप देकर किसानों के खेत तक सिंचाई की व्यवस्था करना।
5. प्रत्येक पंचायत में एक खेल मैदान का निर्माण हेतू प्रयास करना।
6. महिला सशक्तिकरण को बढावा देकर उनहे स्व रोजगार से जोडना। जो स्वरोजगार से जुडे है उनहे और आगे प्रोत्साहित करना।
7. बराकर नदी के किनारे बसे गांवों को लिफ्ट इरिगेशन से जोडकर सिंचाई की व्यवस्था करना।



**निवेदक**

मो क्यूम अंसारी
समाजसेवी
बरही पूर्वी भाग संख्या 06

हमारा काम बोलगा, जनता के बीच हमारी पहचान बोलेगा

# कुंती देवी के समर्थन में समाजसेवी तापेश्वर प्रसाद ने चलाया जन संपर्क अभियान, मांगा समर्थन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही पश्चिमी क्षेत्र भाग 4 के जीप प्रत्याशी कुंती देवी के समर्थन में समाजसेवी तापेश्वर प्रसाद ने मंगलवार को क्षेत्र के बरहीडीह के ठाकुर टोला एवं काटियोन सहित आस पास के विभिन्न गांवो का दौरा किया। जहां ग्रामीणों ने इनका जोरदार स्वागत किया। वहीं समाजसेवी तापेश्वर प्रसाद ने ग्रामीणों की समस्या को जाना और उनकी समस्या को निदान करने का आश्वासन दिया और साथ ही ग्रामीणों से अपील किया की बैलेट पेपर के क्रम संख्या दो ऑटो रिक्शा छाप पर मतदान कर जीप प्रत्याशी कुंती देवी को भारी मतों से विजयी बनाए। जिससे क्षेत्र में विकास की गति तेज सके । आप सभी का साथ की जरूरत है, इस बार मतदाताओं ने बदलाव का मन बना लिया है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की क्षेत्र को भ्रष्टाचार मुक्त करना और विकास की गति को तेज करना मेरी प्रा. थमिकता है। वहीं जन संपर्क अभियान में शामिल सभी महिला एवं पुरुषो ने उन्हें समर्थन करने का आश्वासन दिया। मौके पर सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# खड़ी टेलर में बाइक ने मारी टक्कर दो घायल, रेफर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत बरकट्ठा निवासी रेहाना खातून उम्र 25 वर्ष पति इजराइल अंसारी एवं मुबारक अंसारी उम्र 30 वर्ष पिता मोमिन अंसारी घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनो बाइक पर सवार होकर बरकट्ठा जा रही थी इसी क्रम में घंघरी के समीप बाइक सवार युवक ने खड़ी टेलर में टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार दोनो युवक एवं युवती घायल हो गए। दोनो को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## बरही में आरके इंटरनेशनल होटल के प्रथम तल्ला में खुलेगा अचीवर्स क्लासेस की ब्रांच,

### निदेशक ने स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय में शिक्षा प्रेमियों के साथ बैठक कर दी जानकारी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बैठक में शामिल सिक्षाप्रेमी एवं शिक्षाविद

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाली अग्रणी संस्थान एचीवर्स क्लासेस की ब्रांच बरही में जल्द खुलेगी। इसके लिए स्थान का चयन कर लिया गया है। भावी कार्य योजना की जानकारी देते हुए एचीवर्स क्लासेस के निदेशक ई0 आरविन्द ठाकुर एवं ई0 अजय ठाकुर ने प्रखंड परिसर स्थित स्वामी विवे. कानंद पुस्तकालय में बरही के शिक्षा प्रेमियों एवं अभिभावकों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने बताया कि हजारीबाग रोड बरही के आरके इंटरनेशनल होटल के प्रथम तल्ला में एचीवर्स क्लासेस की ब्रांच खोली जाएगी । इस ब्रांच के माध्यम में आई आई टी / एनआईटी (जे ई ई, मेन / एडवांस) के साथ साथ मेडिकल (एनईईटी) की तैयारी कराई जाएगी। ब्रांच खुलने से बरही, चौपारण, बरकठ्ठा तिलैया के छात्रों को सहूलियत मिलेगी। अब इधर के स्टूड. ेंस को बाहर नही जाना पड़ेगा। प्रो सुनील कुमार दत्ता ने बताया कि अचीवर्स क्लासेस के निदेशक अर. विंद ठाकुर और अजय ठाकुर कोटा और दिल्ली में कई वर्षो तक महत्वपूर्ण संस्थानों में पढ़ाने के बाद 2007 में हजारीबाग में कोचिंग संस्थान खोले । उस समय से अब तक आईआईटी एवं एनआईटी और मेडिकल के क्षेत्र में हजारों छात्रों को सफलता दिलवाई है। जिसमें बरही अनुमंडल के भी सैकड़ों छात्र-छात्राएं शामिल है । अचीवर्स क्लासेस जैसे संस्थान को बरही में आने से यहां छात्रों के साथ साथ इस शहर को भी बहुत लाभ होगा। डीएवी के प्राचार्य महोदय भी इस तरह के संस्थान का स्वागत कर रहे हैं। मौके पर प्रो बद्री साव, डॉ सुनील दत्ता, राजेश केशरी, पप्पू चन्द्रवंशी, सुरेंद्र पंडित सहित कई लोग मौजूद थे।

## दुलमहा मुखिया प्रत्याशी तब्बसुम आरा ने की बूथ संख्या 133 एवं 134 में निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग

### निर्वाची पदाधिकारी को आवेदन देकर कराया वस्तु स्थिति से अवगत

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

दुलमहा मुखिया प्रत्याशी तब्बसुम आरा ने दुलमहा पंचायत के प्राथमिक विद्यालय सिंहपुर के बूथ संख्या 133 एवं 134 में धांधली किए जाने की आशंका जाहिर की है। इस बाबत उनके निर्वाचन अभि. कर्ता मो वसीम ने निर्वाची पदाधिकारी सह सीओ को आवेदन देकर वस्तु स्थिति से अवगत कराया है। सीओ को दिए आवेदन में उन्होंने बताया है कि दुलमहा पंचायत के ग्राम शिवपुर के मतदान केंद्र संख्या 133 एवं 134 दोनों प्राथमिक विद्यालय सिंहपुर में है । पूर्व में भी वहां दबंगों के द्वारा का बूथ कब्जा करने का प्रयास होता रहा है । मिल रही सूचना के अनुसार इस बार और बल प्रयोग कर बूथ पर कब्जा करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है । भ्रमण के दौरान गरीब और कम. जोर वर्ग ने इसकी सूचना मुझे दी है। बताया कि उन्हें वोट देने नही दिया जाता और उनका वोट दबंगों द्वारा डाल दिया जाता है। उन्होंने आग्रह किया है कि उक्त बूथ संख्या 133 एवं 134 पर विशेष बल और विशेष निगरानी रखने की कृपा की जाए ताकि कोई भी व्यक्ति मतदान करने से वंचित नही हो पाए।




मत-पत्र (बैलेट -पेपर) का नमूना

| क्र. सं. | उम्मीदवार का नाम | चुनाव - चिन्ह |
|---|---|---|
| 1 | अब्दुल अंसारी उर्फ संजय | |
| 2 | | |
| 3 | | |
| 4 | | |
| 5 | | |
| 6 | | |
| 7 | | |
| 8 | | |
| 9 | | |

निवेदक - समस्त मतदातागण...।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## बीडीओ ने मतदाता पर्ची वितरण को लेकर बी एल ओ के साथ किया बैठक

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



प्रखंड सभागार स्थित सभागार कक्ष में मंगलवार को निर्वाची अधिकारी सह बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने बीएलओ एवं सेविकाओं के साथ एक बैठक किया। बैंठक के दौरान पंचायत निर्वाची अधिकारी क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने सभी 263 बूथों के मतदाताओं की पर्ची बीएलओ एवं सेविकाओं को दिया। साथ ही यह निर्देश दिया कि हर घर घर तक यह पर्ची पहुंचनी चाहिए। बैठक में कहा गया कि हर हाल में यह पर्ची 13 मई तक मतदाता के घर पहुंच जाना चाहिए। इस पर्ची को बांटने को लेकर जिम्मेदारी भी सौंपी गयी। निर्वाची पदा. धिकारी सह बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने बताया कि पर्ची वितरण करने का कार्य चुनाव आयोग की प्राथमिकता है। घर-घर पहुंचकर पर्ची वितरण सुनिश्चित किया जाए। सुपरवाइजर इस कार्य की मॉनिटरिग करेंगे। पर्ची वितरण में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बताते चलें कि बरही प्रखण्ड में संवेदनशील 146, अतिसंवेदनशील 82 और सामान्य 35 बूथ है। मौके पर जेपीएस सांवना मांझी, बीएलओ पर्यवेक्षक संजय कुमार दुबे, जगदीश प्रसाद संजय दास, मो सनौवर, दुर्गा प्रसाद, दीपक कुमार यादव, साजदा खातुन, सुनैना कुमारी, रिंकू देवी वर्मा, रेणु कुशवाहा, सरिता देवी, ज्योति, लक्ष्मी, पुनम देवी, शांति देवी, सन्ध्या कुमारी, विनिता सिंह, मो सन्नोवर, सरोज देवी, आशिष ठाकुर, महेश यादव, चन्द्रकांत अकेला, संजय सिंह सहित सभी बुथ के बीएलओ उप. स्थित थे।

## मुखिया प्रत्याशी अशोक सिंह ने किया जनसम्पर्क, मांगा समर्थन

### कहा यदि जनता का काम नही किया तो 6 माह में ही दे दूंगा इस्तीफा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही पश्चिमी पंचायत के मुखिया प्रत्याशी अशोक कुमार सिंह लगातार डोर टू डोर संपर्क कर अपने लिए समर्थन जुटा रहे हैं । मतदाताओं को संपर्क करते हुए वह पंचायत के विकास के लिए जारी संकल्प पत्र से अवगत भी करा रहे हैं । मंगलवार को उन्होंने बरही डीह, स्टेशन रोड, अफीम कोठी एवं हजारीबाग रोड का दौरा कर मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की।। उन्होंने कहा की बरही पश्चिमी पंचायत की जनता एक बार उन पर भरोसा कर मुखिया बनाएं । पंचायत के विकास के लिए पूरा जी जान लगा देंगे। यदि जनता का काम नहीं कर पाया तो मैं 6 माह में स्वतः इस्तीफा दे दूंगा । इसलिए एक ।बार बरही पश्चिमी पंचायत की जनता से मेरी अपील है कि वह एक बार वैसे प्रत्याशी को वोट करें जो जनता के सुख दुख के साथ भागी रहे हो।। इसके साथ ही शिक्षा स्वास्थ्य एवं रोजगार के क्षेत्र में उनका पुराना अनुभव रहा हो। उन्होंने कहा मैं विश्वास दिलाता हूं की बरही पश्चिमी पंचायत को आदर्श पंचायत बना कर रहूंगा।




अशोक सिंह












सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर




# महिला दीदियों की मान सम्मान के साथ स्व रोजगार की चिंता मुझे है : कपिल केशरी

## कपिल केशरी के समर्थन में महिलाओ ने की बैठक, दिया समर्थन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


महिलाओं को संबोधित करते कपिल प्रसाद केशरी

बरही पश्चिमी पंचायत के बरही डीह में पंचायत समिति सदस्य प्रत्याशी कपिल प्रसाद केशरी के समर्थन में महिला मंडल से जुड़ी दीदियों ने बैठक की। बैठक में महिलाओं ने कहा कि महिला भी वोटर हैं। लेकिन महिलाओ की मान सम्मान एवं रोजगार की चिंता कोई नही करता। लेकिन कपिल केशरी एक ऐसे उम्मीदवार हैं जिन्हें मि.हलाओं की मान सम्मान की चिंता है। महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रयत्नशील रहते है। पंचायत समिति सदस्य पद के लिए योग्य उम्मीदवार हैं। इसलिए हम महिलाएं इस पंचायत चुनाव इनका समर्थन करना चाहते हैं। इस बैठक में कपिल प्रसाद केशरी ने कहा कि महिलाओं के मान सम्मान का ख्याल हमारी प्राथमि.कता रहेगी। महिलाओ को स्व रोजगार से जोड़ने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। प्रियंका आनंद ने कहा कि महिलाओं के विकास के बिना समाज का विकास अधूरा है। हमे मि.हलाओं की आर्थिक प्रगति के बारे में भी सोचना होगा। महिलाओं के मान सम्मान के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी। उप.स्थित सभी महिलाओं ने एक स्वर में समर्थन करने की बात कही। मौके पर उनके द्वारा भावी कार्ययोजना की जानकारी दी। साथ ही सभी लोगो के बीच संकल्प पत्र भी बांटा गया। बैठक में काफी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।












सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर















सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर
















सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



















सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

















सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## भगहर पहुँचा राजदेव यादव का जनसम्पर्क अभियान, पूर्व विधायक ने जनता से माँगा वोट

### आपके हक व अधिकार कि लड़ाई लड़ने वाले उम्मीदवार है राजदेव : मनोज यादव

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



जीप परिषद भाग एक से जिला परिषद उम्मीदवार रा. जदेव यादव का जनसम्पर्क अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में सुदूरवर्ती इलाका भगहर में पहुँच कर राजदेव यादवने बाइक रैली निकाल कर जनता से माँगा आशीर्वाद। अभियान की शुरुवात लोहरा चौक से किया गया जहां भगहर वासियो ने राजदेव यादव के साथ चल रहे पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव को पाला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान राजदेव यादव ने लोहरा, घरसरी, परसातरी, अम्बातरी, भंडार आदि गाँव मुहल्ला में जनसम्पर्क अभियान चलाकर अपने पक्ष में मतदान का आग्रह किया। कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि राजदेव यादव पिछले पाँच वर्षो तक मुखिया संघ अध्यक्ष रहकर क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करते आ रहे है। कहा राजदेव यादव का 20 वर्षो का राजनीतिक अनुभव है । राजदेव यादव आपके हक व अधिकार की लड़ाई लड़ने वाले उम्मीदवार है। आप अपने मत का प्रयोग सोच समझकर करें। उम्मीदवार राजदेव यादव ने कहा कि अगर मैं जिला परिषद का सदस्य बन तो कठम्बा से परसातरी तक के सड़क का जीर्णोद्धार करूँगा। एक उम्मीदवार ऐसे भी है जिनको समस्या दिखता नही है। आवेदन तक लिख नही सकता वैसे उम्मीदवार से सावधान रहे। इस दौरान भगहर मुखिया प्रतिनिधि पहलवान उर्फ भुनेश्वर यादव, कृष्णा रविदास, दिनेश यादव, संतोष रविदास, भागी भुइयाँ, प्रमोद रविदास, सहित दर्जनों लोग।

## दादपुर का मिला कमान तो बदल दूँगा पंचायत का तस्वीर : संजय यादव

### मुखिया उम्मीदवार ने पंचायत के कई गांवों में चलाया जनसम्पर्क अभियान

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



दादपुर पंचायत से मुखिया उम्मीदवार संजय यादव लगातार जनसम्पर्क अभियान चलाकर अपने पक्ष में वोट माँग रहे है। इस इस संदर्भ में संजय यादव ने कहा कि पंचायत में परिवर्तन का लहर है और सब मतदाता इस बार युवा सरकार चुनने को आतुर है। नेवरीकरमा, अमरौल, दादपुर आदि गांवों में पहुँचे संजय यादव ने कहा कि जनता का आपार जनसमर्थन मिल रहा है। कहा जनता अगर मौका देती है तो दादपुर को प्रखण्ड में अग्रणी स्थान पर ले जाऊंगा व दादपुर का तस्वीर बदल दूँगा। कहा मुझे सभी वर्गो का जनसमर्थन मिल रहा है। जनता हमे वोट के रूप में जो आर्शीवाद देगी उसका विश्वाश कभी टूटने नही दूँगा। विरोधियों लर तंज कसते हुए संजय यादव ने कहा कि ऊची दुकान फीकी पकवान वाली कहावत सिद्ध होगा। जनता इस बार बड़े बडे नेताओ को जवाब देगी व संजय यादव को मतदान करेंगे




## पटाखा के चपेट में आने से बच्ची जखमी

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड अंतर्गत आने वाले कुमारपीटनी गांव में पटाखा फोड़ने से छोटी बच्ची घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक बता दे कि सोमवार दोपहर 1:00 बजे पटाखा फोड़ने के दौरान बच्ची चपेट में आने से बच्ची घायल हो गए। घायल में दोनों हाथों का हथिली और दोनों आंखों की पतली झिल्ली जल गई है। जिसके बाद आनन–फानन में उसे अस्पताल में भर्ती करवाया है। खबर लिखे जाने तक अस्पताल नहीं इलाज चल रहा है बताया जाता है कि वसीम अंसारी की पत्नी समेत बच्चे भंडारीडीह से अपने मायके को कुम्हार. पिटनी आई थी। जो कि उसकी 8 साल की बच्ची गुड़िया खातून फटाका के चपेट में आने से घायल हो गए।

## भाकपा माले करवाएगी पुलिस प्रशासन के वाहनों का जांच

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**



आज मंगलवार को भाकपा माले के गिरिडीह विधानसभा प्रभारी कoमरेड राजेश सिन्हा ने गिरिडीह ज़िला प्रशासन के द्वारा बेतरतीब तरीके से वाहन जांच चलाने के प्रति आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि वाहन चेकिंग अभियान अच्छा है किंतु चें. कंग के नाम पर आम जनता को परेशान करना ज्यादती है।,आए दिन लगतार आम लोग वाहन जांच अभियान जहां तहां चलाने से परेशान हो रहे है ,इसकी शिकायत लिखिति रूप में भाकपा माले प्रतिनिधि मंडल नें डी टी ओ गिरिडीह को दिया था,तो कुछ दिनो तक आम आवाम को राहत मिली थी।। सिन्हा ने यह भी कहा कि टोल टैक्स की भांति शहर से बाहर वाहन जoच चेकिंग अभियान लगाए,ताकि गलत बाइक शहर में घुस नहीं सके और बाहर भी जा नहीं सके,। जबकि आए दिन शहर के बीचों बीच वाहन जॉच अभियान लगाते है । इस कारण कभी कभी जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इसलिए गिरिडीह जिला प्रशासन और सरकार को आम जनता की परेशानी समझनी चाहिए। माले नेता राजेश सिन्हा ने कहा कि अगर विभाग समय रहते मांग पूरी नहीं करेगा तो सभी प्रकार के सरकारी विभाग चार चक्का और दो पाहिया वाहन भाकपा माले प्रतिनिधि मंडल जांच किया जाएगा आख़िर नियम और कानून सबके लिए समान रूप में लागू होती है तो फिर भेदभाव क्यों ? उन्होने कहा कि अगर गिरिडीह डीटीओ स्वयं सभी सरकारी विभाग की गाड़ियां चेक करेगा तो संभवतः 80: गाड़ीयों का रजिस्ट्रेशन ,इंसोरेंस,लाइसेंस, फिटनेस फेल मिलेगा तो ट्रैफिक इंचार्ज सबसे पहले सरकारी विभाग जैसे थाना,बिजली आफिस, नगरनिगम आफिस, ब्लoक आफिस सभी सरकारी विभाग की गाड़ियों का भी सभी प्रकार के वाहन चेक करवाए,। पुलिस को भी हेलमेट पहनने की जरूरत है,किन्तु आम लोग के जैसा वह भी गलती करते है। आम जनता को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक होना होगा,बिना उत्तेजित हुए,सरकारी गाड़ी का भी 20 आदमी एकत्रित होकर गाड़ी की कागजात जांच करवाएं।,नियम सबके लिए बराबर है,जो बाइक वाले पुलिस या फोर विलर सरकारी विभाग वाले जनता की गाड़ी चेक करते है तो सबसे पहले उनकी गाड़ी को चेक करवा कर चालान कटवाए,सरकार को ही फायदा होगा। माले की टीम पुलिस विभाग की गाड़ी को चेक कर बताएगी किस गाड़ी का क्या क्या फ़ेल है,एक सप्ताह तक वाहन जॉच अभियान माले के द्वारा देखा जाएगा।

## बाईक रैली निकाल मो रिजवान ने किया शक्ति प्रदर्शन माँगा वोट

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



जिला परिषद भाग दो का चुनावी घमासान अब जोर पकड़ने लगा है। उम्मीदवार अपनी उम्मीदवारी को मजबूती प्रदान करने में कोई कोर कसर नही छोड़ रहे है। इसी कड़ी में मो रिजवान अंसारी ने चौपारण की सड़कों पर बाइक रैली निकाल कर शक्ति प्रदर्शन किया। मो रिजवान ने कहा ने कहा कि इस बार मतदाता शिक्षित उम्मीदवार को मतदान करेंगे। रिजवान में कहा मुझे सभी वर्गो का आपार जनसमर्थन मिल रहा है। कहा जिला परिषद बनकर मैं क्षेत्र में विकास की गंगा बहा दूँगा। कहा पिछले दोनो जीते हुए उम्मीदवार चुनाव जीत कर जनता से दूर चले जाते है। मैं अगर चुनाव जीतू या हारु हमेशा जनता के बीच रहूंगा और जनहित में कार्य करूँगा।

APEM LIVE




डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार | सहयोगी: सोनू पंडित | एडिटर: सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ0 अनिल कुमार

दिनांकः 10-05-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल ने लगाया निशुल्क जांच शिविर

**अपेम लाइवः ओरिया**




हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल के जन स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग के द्वारा मंगलवार को चुरचु प्रखण्ड अंतर्गत डूमर स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में निशुल्क दंत चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन डॉ शिल्पी चटर्जी ने की। शिविर में विधालय में अध्ययनरत 107 बच्चों का दांतों का स्क्रीनिंग एवं दांतों का अच्छे तरीके से साफ करने का तकनीक भी बतलाया गया। साथ ही चिकित्सकों ने बच्चों व शिक्षकों को दांतों की सुरक्षा व देखभाल से संबंधित आवश्यक जानकारी दी। इस दौरान डॉ शिल्पी चटर्जी ने बताया कि दांत शरीर का आवश्यक अंग होने के साथ-साथ चेहरे की सुंदरता भी बढ़ाता है। दांतों की समस्या एक आम समस्या है। दांतों की सुरक्षा के लिए किसी भी प्रकार के तंबाकू का सेवन नहीं करना चाहिए। शिविर को सफल बनाने में हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल कर्मी शाहिना परवीन, पूजा बरनवाल, अंबिका सोरेन एवं भावना प्रिया ने अपना सरहानीय योगदान दिया।

## केंदुआ पंचायत मुखिया प्रत्याशी राजेश प्रसाद वर्मा पहुंचे मतदाताओं के बीच

### लोग मदद में दे रहे हैं एक मूठा चावल का सहयोग


**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड के केंदुआ पंचायत अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर चुनाव चिन्ह मिलते हैं अपने अपने चुनाव चिन्ह को लेकर डोर टू डोर प्रचार करने निकले लेकिन एक प्रत्याशी राजेश प्रसाद वर्मा जिन का चुनाव चिन्ह पाल युक्त नाव छाप है ने अपने प्रचार को लेकर जनता के बीच एक अनोखी प्रचार करते हुए देखा गया वह प्रत्येक घर से एक मुठा चावल संग्रह करते हुए देखे गए केंदुआ पंचायत प्रत्याशी राजेश प्रसाद वर्मा से इस अनूठे प्रचार के बारे में जाना तो उन्होंने कहा कि मैं जनता के बीच हूं और यह चुनाव पंचायत के विकास को तय करेगा और यह चुनाव जनता लड़ रही है और जनता जीतेगी मैं केवल प्रतीक की तरह जनता के बीच हूं और यही जनता पंचायत की सरकार तय करेगी मेरा राजनीतिक अनुभव में 35 वर्षो तक लोगों का सेवा करते आ रहे हैं हम हर एक कृतियों के प्रति लड़ने का काम करता हूं अभी मैं दहेज मुक्त झारखंड सेवा संघ का राष्ट्रीय संगठन मंत्री हूं और आदिवासी मूल अधिकार मंच गिरिडीह कोडरमा जिले का संयुक्त रुप से संयोजक हू वही आज मैं अपने केंदुआ पंचायत के मुखिया प्रत्याशी हूँ।

## मशहूर संतूर वादक शिवकुमार शर्मा के निधन पर जदयू नेता राकेश गुप्ता ने जताया गहरा शोक

**अपेम लाइवः ओरिया**



भारत के मशहूर संतूर वादक पंडित शिवकुमार शर्मा का निधन मंगलवार को दिल का दौरा पड़ने से हो गया। पिछले 6 महीने से किडनी की बीमारी से ग्रसित थे। इस क्रम में जनता दल युनाइटेड के प्रदेश सचिव राकेश गुप्ता ने उनके निधन पर गहरा शोक जताया। राकेश गुप्ता ने बताया कि पंडित शिव कुमार शर्मा ने जम्मू कश्मीर में संतूर को एक म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट के तौर पर पहचान दिलाई थी। हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में पंडित शिवकुमार शर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने कई फिल्मों में पंडित हरि प्रसाद चौरसिया के साथ मिलकर संगीत भी दिया था। दोनों की जोड़ी को शिवहरि के रूप में पहचाना जाता था।इस जोड़ी ने सिलसिला, लम्हे और चांदनी जैसी फिल्मों में संगीत दिए थे। जो आज तक लोग गुनगुनाते हुए मिल जाएंगे। राकेश गुप्ता ने ईश्वर से उनकी दिवंगत आत्मा को श्रीचरणों में स्थान देने की कामना की।

## बिरनी में तेज हवा के साथ हुई बारिश गर्मी से मिली थोड़ी राहत

### बीते दिनों ने गर्मी ने अपनी उपस्थिति तरीके से दर्ज कराई थी

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**




बिरनी प्रखंड अंतर्गत कई ग्रमीण इलाकों में मंगलवार को चार बजे तेज हवा के साथ जमकर बारिश हुई। बता दे कि बीते दिनों में लोग गर्मी से परेशान थे।की लोगो के शरीर से पसीना निकल आते थे। हल्की बारिश ने लोगो को पूरा राहत नहीं मिला।लेकिन गर्मी से राहत कुछ जरूर मिला।वही मंगलवार दोपहर से तेज हवा चलने शुरू हो गई थी। वही चार बजे बारिश ने भी दस्तक भी दे दिया। और बारिश हुई। खबर लिखने जाने तक बारिश हो ही रही थी। वही बाइक सवार लोगो को बारिश ने ब्रेक लगा दिया। वही आठवीं की परीक्षा दे रहे अभ्यर्थियों को भी बारिश नहीं बीच सड़क में ही रोक दिया।

## एलआइसी अभिकर्ता की पुत्री की शादी में पहुंचे अपेम लाइव न्यूज रिपोर्टर

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह जिला अंतर्गत बेंगाबाद थाना क्षेत्र के वरिष्ठ एलआइसी अभिकर्ता शिवशंकर महतो, पि. परीटांड़ निवासी के पुत्री ज्योति कुमारी की शादी कार्यक्रम में शामिल हुए अपेम लाइव न्यूज गिरिडीह के संवाददाता बजरंगी महतो। शिवशंकर महतो ने अपनी पुत्री ज्योति कुमारी की शादी के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि मेरी बेटी की शादी पवन कुमार वर्मा पिता परमेश्वर महतो (सहायक शिक्षक) निवासी लक्षुआडीह थाना-बेंगाबाद जिला गिरिडीह के साथ 09/05/2022की देर रात्रि हिन्दू रीति रिवाज से संपन्न हो गई। बाराती के रुप में करीब सौ से अधिक संख्या में लोगों ने भाग लिया और मेरी बेटी की विवाह का गवाह बने। विवाह धूमधाम से संपन्न हो गया। विवाह में मैने अपने सामर्थ्य अनुसार दान दिया बेटी के ससुराल वालों को।









सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए वाहनों की जबत एवं जांच बड़े पैमाने पर

### मजिस्ट्रेट के रूप में बी पी ओ की उपस्थिति में हो रही है जांच

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह,**



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को सफल संचालन एवं शांति से सम्पन्न कराने को लेकर जिले के विभिन्न प्रखंडो एवं थाना क्षेत्रों में उपायुक्त एवं आरक्षी अधीक्षक के निर्देश पर लगातार जारी है।मंगलवार को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर रा. जपुर थाना के नजदीक बि के प्लस टू उच्च विद्यालय के समीप बी डी ओ हुलास महतो के नेतृत्व में मजिस्ट्रेट के रूप में बी पी ओ नि. रजंन सिंह ने वाहनों की जांच की तथा कई बड़ी वाहनों को जबत भी किया गया।श्री सिंह ने कहा कि पहला चरण के चुनाव 14 मई को है।जिसके कारण वाहनों की धड़ पकड़ के लिए बैरियर लगाकर वाहनों को पकडा जा रहा है।सभी वाहनों को सीजर लिस्ट देकर वाहनों को जिला वाहन कोषांग में वाहन जमा करने का निर्देश दिया जा रहा है।वही कई छोटी बड़ी गाड़ियों की जांच भी किया गया।मौके पर विजय चौबे एवं राजपुर पुलिस की जवान मौजूद थे।

## कान्हाचट्टी में 127 में से 52 वार्ड सदस्य हुए निर्विरोध निर्वाचित

### निर्विरोध निर्वाचित सदस्यों को बी डी ओ ने दिया प्रमाण पत्र

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह,**



कान्हाचट्टी प्रखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के नामांकन में कुल 127 वार्ड सदस्यों में से 52 वार्ड सदस्य नि. र्विरोध चुन लिए गए। नि. र्विरोध चुने गए वार्ड सदस्यों को प्रखंड निर्वाचित पदाधिक. ारी सह प्रखंड विकास पदा. धिकारी हुलास महतो ने प्रमाण पत्र देकर स्वागत किया। बताते चलें कि कान्हाचट्टी प्रखंड में 10 पंचायतों में कुल 127 वार्ड हैं। 127 वार्ड के विरुद्ध 244 लोगों ने वार्ड सदस्य के लिए नामांकन किया था जिसमें 52 निर्विरोध चुने गए। वहीं 10 पंचायत के लिए मुखिया पद के लिए 72 लोगों ने नामांकन कराया था, जिसमें 4 लोगों ने स्क्रूटनी के दिन अपना नाम वापस ले लिए।अब भी 10 पंचायतों के लिए 68 मुखिया उम्मीदवार अपना-अपना किस्मत आजमाएंगे।

## जेके वाई बस अनियंत्रित होकर पलटने से लगभग दर्जन भर यात्री घायल

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



प्रखंड अंतर्गत बादम से हजारीबाग जाने के क्रम में मंगलवार सुबह एक तेज़ रफ्तार से जा रही यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में करीब एक दर्जन यात्री घायल हो गए। घायलों में महिलाएं एवं बच्चे शामिल हैं। इसमें कुछ लोग बिहार के नवादा के रहने वाले हैं। गंभीर रुप से घायल कुछ यात्रियों को हजारीबाग ह०स्पिटल रेफर कर दिया गया है। जबकि बाकी का इलाज स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। दुर्घटना में रूद्दी निवासी सलामत अंसारी की पुत्री नुसरत जहां एवं पत्नी असीमून निशा, बड़ासी निवासी राम बहादुर राम की पत्नी कलिया देवी, अंबाजीत सुकुलखपिया निवासी देवकांत सिंह एवं उनकी मां आसमानी देवी, बिहार नवादा निवासी बाल गो. विंद चौहान की पत्नी तुलसी देवी, 5 वर्षीय पुत्री अंकिता कुमारी एवं पिता सुखदेव चौहान, आजाद नगर रूद्दी निवासी हेना, सबीना एवं गुलअफसा घायल हो गए।बादम से बोकारो चलने वाली जेकेवाई नामक बस मीडिल स्कूल के समीप पुल के मोड के पास अनियंत्रित हो कर खेत में पलट गई। बस पलटते ही चालक व उप चालक फरार हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चालक शराब के नशे में था। वह सोमवार की रात बारात से लौटकर सुबह बस चलाने आया था। घटना की सूचना मिलते ही एसआई चनेश्वर किस्को दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को पुलिस द्वारा एंबुलेंस से बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पहुंचाया गया। बड़कागांव साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज करा रहे घायल ने ड०क्टर से बस में शराब की बोतल रखे होने की बताइ।

## यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज में अभाविप ने किया इकाई गठन'

### रूद्र राज बने इकाई अध्यक्ष व नीतीश कुमार सिंह बने इकाई मंत्री

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**



आज दिनांक10 :5:2020को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हज़ारीबाग़ नगर इकाई की बैठक यूनिवर्सिटी ल० क०लेज परिसर में हुई, जिसकी अध्यक्षता नगर मंत्री मंदीप यादव व संच. ालन नगर सह मंत्री प्रभात कुमार ने किया,बैठक में प्रदेश सहमंत्री नवलेश सिंह ने विषय प्रवेश करवाते हुए उपस्थित कार्यकर्ताओं को अभाविप के कार्य पद्धति, उद्देश्य व लक्ष्य से अवगत करवाते हुए अभाविप के70 वर्षों के गौरव साली इतिहास पर विस्तृत रूप से बताया,बैठक को प्रांत के जनजातीय कार्य सह प्रमुख मिलन मुंडा, जिला सह संयोजक सोनू राय, प्रदेश कार्यकरणी सदस्य बाबूलाल मेहता आदि ने संबोधित किया!अंत मे नगर मंत्री मनदीप यादव ने अभाविप लॉ कॉलेज के कार्यकरणी की घोषणा की जो इस प्रकार है:-- कॉलेज अध्यक्ष रुद्र राज, उपाध्यक्ष मनीष कुमार संतोष कुमार, कुंदन पांडे ,गौरव कुमार सिंह, निशांत कुमार सिंह, इकाई मंत्री नितीश कुमार सिंह, सह मंत्री कुणाल दुबे ,पवन कुमार, शुभम सिंह, आस्था दीप सिंघल, तीव्र कांत, एसएफडी प्रमुख शेखर सुमन, सह प्रमुख सुशील कुमार, बादल कुमार, एसएफएस प्रमुख चंद्र प्रकाश भारद्वाज ,सह प्रमुख कुमारी सुमन वर्मा, संदीप राणा,अभिषेक कुमार यादव, थिंक इंडिया प्रमुख विकी कुमार, सह प्रमुख हंसराज राहुल, अंजली पांडे, सोनी कुमारी, विकास कुमार, दिलकुश हुसैन, नितीश सिंह, खेलकूद प्रमुख तुषार सिन्हा, सह प्रमुख ऋतिक कुमार, पीयूष कुमार, मीडिया प्रमुख उज्जवल जयपुरियार, कला संस्कृति प्रमुख अंचल कुमार,सह प्रमुख नैंसी प्रधान, दिव्य दर्शनी, सौम्या ,नरगिस साहिन, एन एस एस प्रमुख मानसी प्रिया, सह प्रमुख विनय कुमार साहू, मेहर, शुभांगी, मनीषा कुमारी, छात्रा प्रमुख उजमा नसीम, सह प्रमुख प्रगति पांडे, सारिका सिंह, शिवांगी अग्रवाल, कार्य समिति सदस्य गुंजन कुमार, संध्या गुप्ता, ज्योति, रिया शर्मा, निर्जला, सना, खुशी, अनुष्का, विशेष आमंत्रित सदस्य पंकज राज सभी को मनोनीत किया गया, मौके पर सचिन कुमार , यशवंत पांडेविनय शील, विशु नायक, यशवंत कुमार, प्रियांशु भूषण, शेखर शर्मा ,शिवम सिंह, सुधांशु कुमार,अभिषेक कुमार, निरंजन यादव, अकाश यादव, आशीष सिंह,संकेत कुमार, चिन्मय भारद्वाज, आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे





